दिनांक 21.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, प्रतियोगिता भी की गई आयोजित

भिलाईनगर/जिलाधीश श्री अंकित आनंद के निर्देश पर जिला प्रशासन दुर्ग , जिला कौशल विकास प्राधिकरण दुर्ग, जिला रोजगार, स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में विश्व यूवा कौशल दिवस के अवसर पर 19 जुलाई को कौशल विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है! जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता- विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत यूवाओं के मध्य 19 जुलाई को 05 ट्रेड/विधाओं में कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैशन डिजाईनिंग ट्रेड में कौशल प्रतियोगिता अपैरल ट्रेनिंग एण्ड डिजाईन सेन्टर , छावनी चौक भिलाई में ड्राईवर कम मैकेनिक एवं इलेक्ट्रीशियन विधा में प्रतियोगिता लावलीहूड कालेज एण्ड आईसआईसीआई एकेडमी फार स्किलस् सेक्टर-06 भिलाई एवं कम्प्यूटर के टेली एवं हार्डवेयर कोर्स की कौशल प्रतियोगिता वीटीपी संस्था हिमाशु इंफोटेक न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में आयोजित की गई।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!